राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2202

16 मार्च, 2016 को उत्तर के लिए

मध्य प्रदेश में भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के डिपो की स्थिति

2202. **डॉ. सत्यनारायण जटिया:**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि मध्य प्रदेश में भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के अन्तर्गत स्थापित किये जाने वाले इस्पात के विविध उत्पादों का विनिर्माण करने और इन्हें उपभोक्ताओं को सुलभ कराने के लिए डिपो के निर्माण की वर्तमान स्थिति तथा विपणन सेवाएं आरंभ करने की निर्धारित कार्य योजना क्या है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

सेमी फिनिस्ड इस्पात को टीएमटी बार में परिवर्तित करने के लिए सेल द्वारा मध्य प्रदेश के ग्वालियर और उज्जैन में संयुक्त उद्यम आधार पर दो इस्पात प्रोसेसिंग यूनिटें (एसपीयू) स्थापित की गई हैं। जनवरी 2016 में ग्वालियर में वाणिज्यिक उत्पादन आरम्भ हो गया है और उज्जैन में एसपीयू के वर्ष 2017 के मध्य तक पूरा हो जाने की सम्भावना हैं। टीएमटी बार का विपणन सेल के केन्द्रीय विपणन संगठन के अधीन इसके विपणन नेटवर्क के जरिये किया जायेगा।

***